महत्वपूर्ण एवं खास

नौकरी लगाने का झांसा देकर 15 लाख की धोखाधड़ी

कोरबा (आरएनएस)। बालको थाना के रजगामार चौकी अंतर्गत करूमौहा गांव में रहने वाला गोविंद सिंह दिवाकर 28 बांकीमोंगरा समेत अन्य क्षेत्र में लोगों को नौकरी लगाने का झांसा देता था। वह खुद की ऊंची पहुंच बताकर एसईसीएल समेत अन्य सरकारी विभाग में सेटिंग से नौकरी दिलवाने की बात कहता था। बांकीमोंगरा क्षेत्र में कई एसईसीएल कर्मचारियों ने अपने बच्चों को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए उससे संपर्क किया। क्षेत्र के एक दर्जन लोगों से गोविंद सिंह ने कुल 15 लाख रुपए एडवांस में लिया था। लेकिन इसके बाद किसी की नौकरी नहीं लगी। बांकीमोंगरा थाना में उसके खिलाफ शिकायत किया गया था। जिस पर जांच के बाद गोविंद सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने उसके घर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

महिला के खाते 50 हजार पार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक मैनेजर बताकर महिला के खाते से 50 हजार रूपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमति दीपमाला बिसेन पति संजय बिसेन 37 वर्ष इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाईल नंबर 07292825095 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपने आप को एसबीआई बैंक का मैनेजबर बताया और प्रार्थिया से कहा कि आपको के.वाय.सी.कराना जरूरी है नहीं तो आपका एटीएम कार्ड बंद हो जाएगा कहते हुए खाता नम्बर एवं एटीएम कार्ड का नम्बर वाटसप से ले लिया जिसके बाद आरोपी ने महिला के बैंक खाते से 50 हजार रूपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पौधे सप्लाई करने का ठेका दिलाने के नाम पर 14 लाख की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पौधे सप्लाई करने का ठेका दिलाने के नाम पर पत्रकार से 14 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास पर धूम-धाम से मनी हनुमान जयंती

रायपुर (आरएनएस)। श्रीहनुमान जयंती के अवसर पर प्रदेश के धर्मस्व,कृषि एवं सिंचाई मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित हनुमान जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर संकट मोचन हनुमान के पूजन के बाद के आयोजित भंडारों में उन्होंने प्रसादी का भी वितरण किया। अग्रवाल के निवास पर भी हनुमान जयंती धूम-धाम से मनायी गई। यहां योग मुद्रा में विराजित हनुमान जी की अग्रवाल परिवार के साथ समस्त स्टॉफ द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर यहा सुंदरकांड का पाठ हुआ तथा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

शहीद राजगुरु को आरएसएस ने बताया अपना स्वयंसेवक

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शहीद राजगुरु को संघ का स्वयंसेवक बताया है। संघ प्रचारक और एबीवीपी के हरियाणा में संगठन मंत्री रहे नरेंद्र सहगल की किताब में दावा किया गया है कि राजगुरु संघ की मोहिते बाड़े शाखा के स्वयंसेवक थे। नागपुर के हाईस्कूल भोंसले वेदशाला के छात्र रहते हुए राजगुरु का संघ संस्थापक हेडगेवार से घनिष्ठ परिचय था। किताब में यह भी दावा किया गया है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस संघ से काफी प्रभावित थे।

सीसीटीव्ही कैमरे की मदद से 24 घंटे के अंदर दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के लिये सहायक बना सीसीटीव्ही कैमरा

भिलाई (आरएनएस)। शुक्रवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सिद्धार्थ स्कूल के पास एक सुने मकान में अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की नियत से अपनी पहचान छुपाते हुये घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को निकाल कर ले गया जिस पर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 122/18 धारा 454,380,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया सीसीटीव्ही कैमरा की सहायता से आरोपी की पहचान हुई जिस पर आरोपी मुखबीर लगाकर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर सीसीटीव्ही कैमरा चोरी करना बताया एवं चोरी गई सामग्री सीसीटीव्ही कैमरा को जप्त किया गया। आरोपी का नाम दिलीप केशरवानी पिता रमेश केशरवानी उम्र 22 वर्ष निवासी चंद्रमा चौक शिवाजी नगर खुर्सीपार, विक्रम बाग पिता मोतिन बाग उम्र 18 वर्ष निवासी कार्तिक चौक खुर्सीपार थाना खुरर्सीपार है।

पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल,कई थानेदार इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। शनिवार को पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में पदस्थ थानेदारों के तबादला आदेश जारी किए गए है।पुलिस स्थापना बोर्ड की निर्णयानुसार डीजीपी ए एन उपाध्याय ने इन थानेदारों का तबादला आदेश जारी किया है। इन थानेदारों के तबादले प्रशासनिक कारणों से किया गया है।गौरतलब है कि जिन जिलो मे ज़्यादा फेरबदल हुए है उनमे दुर्ग बिलासपुर रायपुर शामिल है।जारी आदेशानुसार आशीष अरोरा बिलासपुर से मुंगेली, परिवेश तिवारी बिलासपुर से जांजगीर चांपा, युवराज तिवारी बिलासपुर से रायगढ़, विवेक पाटले जांजगीर चांपा से रायगढ़, सुषमा चेलक रायगढ़ से बिलासपुर, मानक राम कश्यप सूरजपुर से जांजगीर चांपा,राम कुमार टोंडे जगदलपुर से जांजगीर चांपा, बोनिफास एक्का सुकमा से रायगढ़,जगत राम चौहान महासमुंद से रायगढ़,लीलाशंकर कश्यप दुर्ग से बिलासपुर,जगदीश चन्द्र मिश्रा दुर्ग से बिलासपुर, रमेश कुमार पाण्डेय राजनन्दगाँव से कोरबा, रघुनंदन पी डी शर्मा बिलासपुर से कोरबा, दशरथ ठाकुर, जांजगीर चांपा से मुंगेली, हरिश्चंद्र टांडेकर जांजगीर चांपा से कोरबा, एम आर रात्रे रायगढ़ से जांजगीर चांपा, गंभीर दस सोनवानी जशपुर से बिलासपुर, संजय भूषण डे कांकेर से बिलासपुर, अरविंद किशोर खलखो राज्य पुलिस अकादमी चंद्रखुरी से बिलासपुर।

विकेश तिवारी गरियाबंद से सूरजपुर, विनीत दुबे कोरिया से सरगुजा, दिलबाग सिंह बलरामपुर से सरगुजा, जय सिंह मरावी सरगुजा से बलरामपुर किया गया है। वहीं शशिकला मरकाम महासमुंद से कांकेर, विवेक कुमार पाण्डेय जांजगीर चांपा से बीजापुर, राजेंद्र कुमार यादव कोरबा से दंतेवाड़ा,गोपाल सिंह धुर्वे रायगढ़ से सुकमा,जी एस जौहर रायगढ़ पदस्थ किए गए है।

टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज अनिल कुंबले की पत्नी से 32 लाख की ठगी!

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कोच अनिल कुंबले की पत्नी से ठगी का मामला सामने आया है। कुंबले की पत्नी चेतना ने दावा किया है कि एक मुंबई की एक कंपनी ने उनके पैन कार्ड नंबर का गलत तरीके से प्रयोग करके 32 लाख रुपये का लेनदेन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुंबले की पत्नी चेतना ने पुलिस को शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि मुंबई की एक कंपनी ने चेतना के पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर 32.96 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन कर लिया। शिकायत में कहा गया कि बेंगलुरू के एक मॉल में चेतना फ्रैंक म्यूलर की घड़ी घरीदने गई थीं। उन्हें जो मॉडल खरीदना था वह जिम्सन वॉच स्टोर पर नहीं था। उस स्टोर ने मुंबई के एक अन्य स्टोर से घड़ी मंगाने की बात कही। इसके लिए एक कर्मचारी ने उनसे 8 लाख रुपए का चेक और पैन कार्ड की जानकारी ले ली।

आदमखोर तेंदुए को छोड़ा गया संरक्षित क्षेत्र कांगेर घाटी

जगदलपुर (आरएनएस)। खमढ़ोड़गी के पहाड़ों से कैद किए गए आदमखोर तेंदुआ को परिस्थितियों के अध्ययन करने के बाद जगदलपुर के आगे संरक्षित क्षेत्र बस्तर के कांगेर घाटी में कल छोड़ा गया। जाली हटाने के बाद भी तेंदुआ नहीं निकल रहा था, कुछ देर बाद पिंजरा से तेंदुआ कांगेर घाटी के जंगल में भाग गया। खमढ़ोड़गी व कोड़ेजुंगा की मदद से वन विभाग ने आदमखोर तेंदुआ को पकड़ लिया है। वहीं उसका मादा अभी नजर नहीं आया है। आदमखोर नर तेंदुआ को पिंजरे में कैद करने के बाद उसके बच्चों को पकड़ने के लिए दिनभर वन विभाग ने प्रयास किया।

रायपुर मंडल में सभी रेलवे स्टेशन शत प्रतिशत एलईडी में परिवर्तित

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पुर्व मध्य रेल्वे के रायपुर मंडल में सभी रेलवे स्टेशनों की पारंपरिक प्रकाश व्यवस्था को 100 प्रतिशत एलईडी में परिवर्तित कर दिया गया है । इससे प्रति वर्ष 4.87 लाख विद्युत इकाई की बचत होने से लगभग 44.7 लाख रुपये की वार्षिक बचत होगी । इसी तरह महत्वपूर्ण और बड़े बीएमई अनुभाग के सभी शेड, डिपो और हाई मास्ट की पुर्व पारंपरिक ऊर्जान्यून प्रकाश व्यवस्थाओ के स्थान पर ऊर्जा कुशल एलईडी विभुत व्यवस्था कर दी गई है। जिससे प्रति वर्ष 5.14 लाख विद्युत इकाई की बचत होने से लगभग 47.1 लाख रुपये की बचत होगी ।

सुकमा में 23 करोड़ की लागत से बना उपकेन्द्र, अब 193 गांवों को मिलेगी बिजली

जगदलपुर। बस्तर संभाग के सुकमा होंगे।

जिला मुख्यालय में 132 केव्ही उपकेन्द्र को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक तृप्ति सिन्हा ने कल ऊर्जित किया। उपकेन्द्र को विद्युत आपूर्ति हेतु 18 किमी 132 केव्ही टॉवर लाइन का विस्तार किया गया।

विद्युत टावर लाइन एवं उपकेन्द्र निर्माण की लागत 23 करोड़ रुपए है। उपकेन्द्र चालू होने के उपरांत संपूर्ण सुकमा जिले के 193 ग्रामों जहां विद्युत की पहुंच है, इसमें गुणवत्तपूर्ण विद्युत से लाभान्वित उपकेन्द्र की क्षमता 40 एमव्हीए है एवं इस तरह डिजाइन किया गया है कि भविष्य में इसके साथ ही एक 220 केव्ही का उपकेन्द्र भी यही स्थापित हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जिला सुकमा की विद्युत आपूर्ति पूर्व में बारसूर एवं किरंदूल से हो रही थी, जो कि अब सुकमा से ही होना है. इस उपकेन्द्र के निर्माण में विशेषता यह रही कि यह विभाग की सामग्री के साथ लेबर ठेके में बनवाया गया, जो कि एक वर्ष में ही पूर्ण हो गया।

तीन नक्सली पुलिस के हत्थे चढ़े

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की नारायणपुर जिला पुलिस ने दबिश देकर 3 नक्सली जनमिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जो संगीन वारदातों में वांछित रहे हैं। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा एवं डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि नारायणपुर थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए ग्राम कुतुल की ओर रवाना किया गया था। गश्त सर्चिंग के दौरान जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति लुकने-छिपने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सोनसाय गोटा, केयो गोटा एवं बल्ली गोटा बताया, तीनों ही तोके जनमिलिशिया के सदस्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पिछले 6-7 वर्षों से नक्सली संगठन में शामिल होकर तोके मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे थे।

छग शिक्षक महासंघ संविलियन एवं शासकीयकरण की मांग को लेकर जनसमर्थन में 50 लाख लोगों से करवाएगा हस्ताक्षर-देवांगन

रायपुर (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा विभाग से संविलियन एवं शासकीयकरण की मांग को लेकर छग शिक्षक महासंघ पिछले 22 वर्षों से लगातार संघर्ष करते आ रहा है। बावजूद इसके अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग एवं छग शासन द्वारा शिक्षकों का संविलियन एवं शासकीयकरण नहीं किया गया है। लगातार चल रहे आंदोलन परीक्षा मूल्यांकन का बहिष्कार जैसे प्रदर्शनों के चलते स्कूली शिक्षक की हड़ताली छवि बन गई है। इसे तोड़ने के लिए छग शिक्षक महासंघ पूरे प्रदेश में घर-घर लोगों से संपर्क कर 50 लाख लोगों से शासकीयकरण एवं संविलियन के लिए हस्ताक्षर के रूप में जनसमर्थन लेगा। यह जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में संघ के प्रांतीय प्रवक्ता वीरेंद्र देवांगन प्रांतीय महामंत्री मनीष देवांगन आकाश झा आदि ने संयुक्त रूप से दी।

मोबाईल के जरिये व्यायाम शिक्षिका से हुयी 80 हजार की ठगी मामला दर्ज

रायगढ़ (आरएनएस)। सारगढ़ की व्यायाम शिक्षिका से बैंक अधिकारी बनकर अज्ञात व्यक्ति ने ए.टी.एम व ओ टी पी नम्बर जा लिया और 80 हजार की आनलाईन शापिंग कर ली राजापारा सारंगढ की रहने वाली श्रीमती आरती शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंद में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत है 29मार्च की शाम 6 बजे लगभग श्रीमती आरती शुक्ला के मोबाईल पर मोबाईल क्रमांक 8436336 से कॉल आया, कॉलर ने स्टेट बैंक के खाता बंद करने की बता कहते हुए उससे एटीएम कार्ड नंबर व ऑनलाईन शपिंग का ओ0टी0पी0 नंबर लेकर उनके खाते से अलग-अलग तारिख को 78,996 रूपये की ऑन लाईन शापिंग कर ली । शिकायतकर्ता श्रीमती आरती शुक्ला ने थाना सारंगढ में लिखित शिकायत किये जाने पर मोबाईल क्रमांक 8436336XXXX के धारक के विरूद्ध धारा 420 भार्दवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

बाईक सवार को ठोकर मारते पुल से नीचे गिरी यात्री बस, 30 घायल-5 गंभीर

कांसाबेल से अंबिकापुर जा रही थी यात्री बस

अम्बिकापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से सीतापुर थाना क्षेत्र के काराबेल में एक यात्री बस मोटरसायकल सवार को ठोकर मरते हुवे पुलिया के नीचे जा गिर। घटना में 20 यात्री घायल हो गए हैं तो वहीं 2 को गंभीर चोट आई हैं। फ्लिहाल सभी घायलों को उवचार के लिए स्थानीय असोअतल में दाखिल करा दिया गयाहै।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जशपुर के कांसाबेल से अम्बिकापुर जा रही राजधानी टूर एन्ड ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक सीजी.15-ए-2755 सीतापुर थाना क्षेत्र के काराबेल के पास पुलिया से नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार थी और साथ ही बस का चालक मेबाइल पर बात भी कर रहा था उसी दौरान अचानक सड़क पर सामने से एक मोटरसायकल सवार के आ जाने से बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस पल से नीचे गिर गई। बस में तकरीबन 45 यात्री सवार थे जिनमें से 30 यात्री घायल हो गए हैं।

कर्नाटक में किंगमेकर की भूमिका में आए मठ, मठाधीशों का राजनीति में खासा प्रभाव

बेंगलुरु। कर्नाटक के 30 जिलों में 600 से अधिक 'मठों' ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, बीजेपी के प्रमुखों को अपनी शरण में आने पर मजबूर कर दिया है। कर्नाटक में हमेशा से ही मठों की राजनीति हावी रही और लोगों पर मठों का खासा प्रभाव रहा है। लिहाजा राजनीतिक पार्टियां चुनावी समय में मठों के दर्शन कर वहां के मठाधीशों को अपनी ओर लुभाने की कोशिश करती रही हैं। ऐसे में मतदाताओं पर मठों के प्रभाव को देखते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

संत समागम से जुड़े स्वामी आनंद स्वरूप ने

बताया कि कर्नाटक में लिंगायत समुदाय से जुड़े करीब 400 छोटे-बड़े मठ हैं जबकि वोकालिगा समुदाय से जुड़े करीब 150 मठ हैं। कुरबा समुदाय से 80 से अधिक मठ जुड़े हैं। इन समुदायों का कर्नाटक की राजनीति में खासा प्रभाव है, ऐसे में राजनीतिक दलों में इन मठों का आशीर्वाद प्राप्त करने की होड़ लगी रहती है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में मठ सिर्फ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र ही नहीं हैं बल्कि प्रदेश के सामाजिक जीवन में भी इनका काफी प्रभाव माना जाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा के साथ कमजोर वर्ग के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान के कारण लोग इन मठों को श्रद्धा के भाव से देखते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस कर्नाटक में इतनी कमजोर नहीं है जितनी विगत में कुछ राज्यों में थी। इसलिए यहां पर बीजेपी के लिए चुनौती बड़ी है। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव अग्निपरीक्षा है क्योंकि यहां पर जीत के साथ उसके हार के सिलसिले पर विराम लग सकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया नीत कांग्रेस सरकार द्वारा लिंगायत समुदाय को अलग धर्म का दर्जा देने की पहल से उत्पन्न राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने और बीजेपी कर्नाटक में सत्ता हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

मठों का आशीर्वाद लेने में जुटे दिग्गज

अमित शाह समेत बीजेपी के वरिष्ठ नेता मठों का आशीर्वाद लेने में जुट गए हैं। पार्टी को उम्मीद है कि मठों के आशीर्वाद से लिंगायत समुदाय के कद्दावर नेता बी. एस. येदियुरप्पा के नेतृत्व में इस दक्षिणी राज्य में कांग्रेस के चक्रव्यूह को तोड़ने में वह सफल होगी।